लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2082
# अमृत विचार
वर्ष 6, अंक 184, पृष्ठ 14+4, मूल्य- 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
37.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 18 सूर्यास्त 07 : 01
बरेली, रविवार, 25 मई 2025

PAGE NO : 09 MIDDLE

## झलक मिस और प्रणव बने मिस्टर फेयरवेल



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में शनिवार को 2020 बैच के विद्यार्थियों की फेयरवेल हुई। इसमें निवर्तमान छात्रों की उपलब्धियों का सम्मान किया गया। झलक अग्रवाल को मिस और प्रणव अग्रवाल को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इसके अलावा दिव्यांशी सिंह को मिस और आर्यन को मिस्टर वर्सेटाइल बनने का सौभाग्य मिला। विदाई समारोह में नूरिश को सर्वश्रेष्ठ कलाकार चुना गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुई। वाइब्रेंट क्लब के अध्यक्ष गौरव कार्की ने सभी का स्वागत किया। कॉलेज के निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। फिजियोथेरेपी विभागप्रभारी डॉ. नबीला खानम और एसआरएमएस आईपीएस के चीफ प्रॉक्टर अतुल सिंह ने पुरस्कार विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर इंजीनियर सुभाष मेहरा, इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की प्रिंसिपल डॉ. जसप्रीत कौर, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डीन यूजी डॉ. बिंदु गर्ग, डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार, इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के डीएसडब्ल्यू डॉ. शिवांक चौधरी आदि मौजूद रहे।